Raj Express (Indore), 9th September 2020, Page-2

# आईआईटी परिसर में खुलेगा देश का 1242वां केंद्रीय विद्यालय

इंदौर (आरएनएन)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को घोषणा की कि देश का 1,242वां केंद्रीय विद्यालय इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में खोला जाएगा। शिक्षा मंत्री निशंक ने ट्वीट कर कहा कि मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की विशाल श्रृंखला में एक नया नाम जुड़ने जा रहा है। आईआईटी इंदौर के परिसर में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के मंगलवार को आदेश हो रहे हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि मेरा विश्वास है कि आईआईटी इंदौर के परिसर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा का एक अनोखा संयोग होगा। लाभान्वित होने वाले समस्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं। निशंक ने बताया कि आईआईटी इंदौर के परिसर में खुलने वाला यह स्कूली शिक्षा संस्थान देश का 1,242वां केंद्रीय विद्यालय होगा। आईआईटी परिसर इंदौर जिले के सिमरोल में स्थित है। शहर में पहले से ही दो केंद्रीय विद्यालय है, जिसमें एक चिड़ियाघर के पास और दूसरा बिजासन टेकरी के पास है।